# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2025

Your Path to Success

# SECTION - A

**1. चार्ट का इनमें से कौन-सा कम्पोनेंट प्लॉट की गई डाटा सीरीज की वैल्यू दर्शाता है?**

**(A) डाटा लेबल्स** **(B) टिक मार्क**

**(C) लेजेंड्स** **(D) चार्ट टाइटल**

उत्तर - (A) डाटा लेबल्स

**2. इनमें से कौन-सा फंक्शन दी गई कंडीशन के अनुसार एक रेंज की वैल्यूज का योग निकालता है?**

**(A) COUNTIF** **(B) SUMIF**

**(C) MAX** **(D) AVERAGE**

उत्तर - (B) SUMIF

**3. इनमें से कौन-सा एक वैध गणितीय ऑपरेटर है?**

**(A) ++*4** **(B) /@b**

**(C) -*5** **(D) /**

उत्तर - (D) /

**4. इनमें से किस शॉर्टकट की द्वारा दस्तावेज का पूरा टेक्स्ट एकसाथ सिलेक्ट किया जाता है?**

**(A) Ctrl + F** **(B) Ctrl +T**

**(C) Ctrl + A** **(D) Ctrl + D**

उत्तर - (C) Ctrl + A

**5. फॉन्ट टाइप बदलने के लिए इनमें से किस टैब की मदद ली जाती है?**

**(A) इन्सर्ट** **(B) लेआउट**

**(C) डिज़ाइन** **(D) होम**

उत्तर - (D) होम

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**6. फॉर्मूला = (A1/B1) + (C1/D1) की वैल्यू क्या होगी यदि A1 =15, B1 =5, C1= 10 और D1=2 है?**

**(A) 7** **(B) 8**

**(C) 9** **(D) 6**

**उत्तर -** (B) 8

**7. वर्ड में इनमें से कौन-सा एक वैध पेज साइज़ नहीं है?**

**(A) लेटर** **(B) लीगल**

**(C) A4** **(D) पोस्टकार्ड**

**उत्तर -** (D) पोस्टकार्ड

**8. नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किए गए हैं। इन प्रश्नों के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :**

**(i) अभिकथन (A) : लिस्ट के लिए लंबे वाक्यों के बदले बुलेट पॉइंट्स बनाना अधिक पसंद किया जाता है।**

**कारण (R) : बुलेट पॉइंट्स से उस सूचना पर पाठक का ध्यान स्वतः आकर्षित हो जाता है और बुलेट पॉइंट्स से उतना टेक्स्ट लंबे टेक्स्ट से अलग भी हो जाता है।**

**(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही वर्णन है**

**(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) का सही वर्णन नहीं है**

**(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है**

**(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है**

**(E) (A) और (R) दोनों गलत हैं**

**उत्तर -** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही वर्णन है

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) अभिकथन (A) : लंबे दस्तावेजों के लिए पेज नंबर्स इन्सर्ट करना जरूरी होता है।**

**कारण (R) : पेज नंबरों से दस्तावेज के भीतर आसानी से और प्रभावी ढंग से सूचना तक पहुँचा जा सकता है।**

**(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही वर्णन है**

**(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) का सही वर्णन नहीं है**

**(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है**

**(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है**

**(E) (A) और (R) दोनों गलत हैं**

**उत्तर -** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही वर्णन है

**9. सही या गलत बताइए :**

**(क) डिलीट की कर्सर पोजीशन से राइट साइड की ओर टेक्स्ट डिलीट करती है।**

**(ख) रूलर की सहायता से पेज मार्जिन को नहीं बदला जा सकता है।**

**उत्तर -**

(क) डिलीट की कर्सर पोजीशन से राइट साइड की ओर टेक्स्ट डिलीट करती है। **(सही)**

(ख) रूलर की सहायता से पेज मार्जिन को नहीं बदला जा सकता है। **(गलत)**

**10. रिक्त स्थानों को भरिए :**

**(क) फॉन्ट __________ प्रदर्शित होने वाले अक्षरों के स्वरूप (emphasis या weight) को निर्धारित करती है।**

**(ख) __________ प्रत्येक पैराग्राफ की लाइनों की हाइट को निर्धारित करती है।**

**उत्तर -**

(क) फॉन्ट **Style** प्रदर्शित होने वाले अक्षरों के स्वरूप (emphasis या weight) को निर्धारित करती है।

(ख) **Line spacing** प्रत्येक पैराग्राफ की लाइनों की हाइट को निर्धारित करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**11. पेस्ट कमांड के स्थान पर________ शॉर्टकट की का प्रयोग होता है।**

उत्तर - पेस्ट कमांड के स्थान पर **Ctrl + V** शॉर्टकट की का प्रयोग होता है।

**12. ________ टैब, ऐक्सेल वर्कशीट में पिक्चर इन्सर्ट करने में मदद करता है।**

उत्तर - **इन्सर्ट** टैब, ऐक्सेल वर्कशीट में पिक्चर इन्सर्ट करने में मदद करता है।

**13. ज़ूम डायलॉग बॉक्स में आप________ विकल्प को चुनकर अपने दस्तावेज के मल्टीपल पेजेस को स्क्रीन पर दिखा सकते हैं।**

उत्तर - ज़ूम डायलॉग बॉक्स में आप **Many pages** विकल्प को चुनकर अपने दस्तावेज के मल्टीपल पेजेस को स्क्रीन पर दिखा सकते हैं।

**14. पेज ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए किस शॉर्टकट की को दबाया जाता है?**

उत्तर - Ctrl + Enter

**15. दस्तावेज़ में स्पेलिंग और ग्रामर जाँचने के लिए कौन-सी फ़ंक्शन कुंजी प्रयोग होती है?**

उत्तर - F7

**16. टेक्स्ट के कट किए गए और कॉपी किए गए आइटम्स को रखने के लिए मेमोरी के किस भाग का प्रयोग होता है?**

उत्तर - Clipboard

**17. ________ टूलबार पर बेसिक शेप्स का बटन पाया जाता है।**

उत्तर - Insert → Shapes Toolbar

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# SECTION B

**18. (क) कम्प्यूटर क्या है? दो इनपुट डिवाइसों के नाम लिखिए।**

**उत्तर -** कंप्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो डाटा को इनपुट के रूप में ग्रहण करता है, निर्देशों के अनुसार उसे प्रोसेस करता है और उपयोगी जानकारी आउटपुट के रूप में प्रदान करता है। यह जानकारी को संग्रहित भी कर सकता है। दो इनपुट उपकरण हैं - कीबोर्ड और माउस।

**Or**

**(ख) ऑपरेटिंग सिस्टम को परिभाषित कीजिए। ऑपरेटिंग सिस्टम के दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर -** **ऑपरेटिंग सिस्टम** (OS) एक सिस्टम सॉफ़्टवेयर है जो कंप्यूटर के हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर संसाधनों का प्रबंधन करता है, इनपुट और आउटपुट उपकरणों को नियंत्रित करता है तथा एप्लिकेशन प्रोग्राम चलाने के लिए प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है। यह कंप्यूटर के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करता है। ऑपरेटिंग सिस्टम के उदाहरण हैं -**विंडोज़ और लिनक्स।**

**19. रवि ने 'आउटपुट डिवाइसेज' विषय पर अपने क्लास टेस्ट के लिए तैयारी की। उसे टेस्ट में निम्न प्रश्न मिला जो 2 अंकों का था। उसे उत्तर देने में मदद कीजिए :**

**प्लॉटर क्या होता है और यह कैसे कार्य करता है? दो प्रकार के प्लॉटर के नाम लिखिए।**

**उत्तर -** प्लॉटर एक आउटपुट डिवाइस है जिसका उपयोग उच्च गुणवत्ता वाले बड़े आकार के ग्राफ़िक्स, चित्र और चार्ट बनाने के लिए किया जाता है। यह कागज़ पर पेन या प्रिंटिंग टूल को चलाकर सटीक चित्र बनाता है। **प्लॉटर के दो** प्रकार हैं – **पेन प्लॉटर** और **इलेक्ट्रोस्टैटिक प्लॉटर।**

**20. निम्न के नाम लिखिए :**

**(क) एक सॉफ्टवेयर जो हाई-लेवल लैंग्वेज प्रोग्राम को पढ़ता है और फिर उसे मशीन लैंग्वेज प्रोग्राम में अनुवादित करता है**

**(ख) एक लो-लेवल लैंग्वेज जो निमोनिक्स का प्रयोग करती है**

**(ग) एक हाई-लेवल लैंग्वेज जो कि एक लोकप्रिय ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग भाषा है**

**उत्तर -**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(a) कम्पाइलर

(b) असेंबली भाषा

(c) जावा

**अथवा**

**निम्न के नाम लिखिए :**

**(क) प्रत्येक कम्प्यूटर लैंग्वेज जिन नियमों द्वारा बाध्य होती है**

**(ख) कम्पाइलर के द्वारा जनरेट किया गया प्रोग्राम**

**(ग) एक भाषा जो कम्प्यूटर द्वारा सीधे समझी जा सकती है**

**उत्तर -**

(क) सिंटैक्स (Syntax)
(ख) ऑब्जेक्ट प्रोग्राम / मशीन कोड
(ग) मशीन भाषा

**21. वर्ड में मेल मर्ज फीचर के तीन लाभ लिखिए।**

**उत्तर -** वर्ड में मेल मर्ज फीचर के तीन लाभ निम्नलिखित हैं -

- यह कई व्यक्तिगत दस्तावेज़ तेज़ी से बनाने में मदद करता है।
- एक ही पत्र को एक साथ कई प्राप्तकर्ताओं को भेजकर समय की बचत करता है।
- पते के लेबल और लिफ़ाफ़े अपने-आप प्रिंट करता है तथा मैन्युअल त्रुटियों को कम करके शुद्धता और एकरूपता बनाए रखता है।

**22. डाटा सोर्स क्या है? डाटा सोर्स तैयार करने के किन्हीं दो तरीकों के बारे में लिखिए।**

**उत्तर -** डाटा सोर्स वह फ़ाइल या रिकॉर्ड का संग्रह होता है जिसमें नाम, पते, फोन नंबर जैसी परिवर्तनीय जानकारी होती है, जिसका उपयोग मेल मर्ज में किया जाता है। डाटा सोर्स तैयार करने के दो तरीके हैं-

(1) MS Excel का उपयोग करके, जहाँ जानकारी को पंक्तियों और स्तंभों में तालिका के रूप में दर्ज किया जाता है।

(2) MS Word के फ़ॉर्म या तालिका का उपयोग करके, जिसमें आवश्यक विवरण भरकर डाटा सोर्स बनाया जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**23. निम्न के उत्तर दीजिए/नाम लिखिए (कोई तीन) :**

**(क) क्या यह एक वैध ई-मेल आइ० डी० है?**

**workmail@gmail.com**

**(ख) इस प्रोटोकॉल का प्रयोग इंटरनेट ई-मेल भेजने के लिए होता है**

**(ग) यह एक कम्प्यूटर का ऐड्रेस है जो इंटरनेट से लिंक्ड होता है**

**(घ) यह एक इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज है जो HTML भाषा में लिखा गया होता है**

**(ङ) यह एक प्रोटोकॉल है जिसे इंटरनेट का 'ग्लू' भी कहा जाता है**

**उत्तर -**

(a) हाँ, workmail@gmail.com

एक वैध ई-मेल आईडी है क्योंकि यह मानक प्रारूप (username@domain) का पालन करती है।

(b) **SMTP** (सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल) – इसका उपयोग इंटरनेट ई-मेल भेजने के लिए किया जाता है।

(c) **IP Address -** यह इंटरनेट से जुड़े कंप्यूटर का विशिष्ट पता होता है।

(d) **वेब पेज -** HTML भाषा में लिखा गया इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़, जिसे ब्राउज़र में देखा जाता है।

(e) **TCP/IP -** इस प्रोटोकॉल को इंटरनेट का "ग्लू" कहा जाता है क्योंकि यह डाटा संचार को संभव बनाता है।

**24. (क) वेब सर्वर क्या होता है? यह किसके लिए जिम्मेदार होता है? किन्हीं दो वेब सर्वर प्रोग्रामों के नाम लिखिए।**

**उत्तर -** वेब सर्वर एक कंप्यूटर सिस्टम या सॉफ़्टवेयर होता है जो इंटरनेट पर वेब पेजों को संग्रहित करता है, प्रोसेस करता है और उपयोगकर्ताओं तक पहुँचाता है।

**वेब सर्वर की जिम्मेदारियाँ :**

- वेब ब्राउज़र से आने वाले अनुरोधों को संभालना।
- वेब सामग्री (वेब पेज, चित्र, वीडियो आदि) उपयोगकर्ताओं को प्रदान करना।
- ब्राउज़र और वेबसाइट के बीच संचार प्रबंधित करना।
- अनुरोध किए जाने पर वेब पेजों को उपलब्ध कराना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- होस्ट की गई वेबसाइटों और डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना।


दो सामान्य वेब सर्वर प्रोग्राम हैं - **Apache** और **Microsoft IIS (Internet Information Services)** I

**(ख) वेब पेज को परिभाषित कीजिए। वेब पेज में क्या रखा जा सकता है?**

**उत्तर -** वेब पेज वर्ल्ड वाइड वेब पर उपलब्ध एक दस्तावेज़ होता है जिसे वेब ब्राउज़र की सहायता से देखा जा सकता है। यह वेबसाइट की मूल इकाई होती है और उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन जानकारी देखने व उपयोग करने की सुविधा देता है। **एक वेब पेज में निम्नलिखित रखा जा सकता** हैं –

- **टेक्स्ट –** अनुच्छेद, शीर्षक, सूचियाँ और लेख
- **चित्र –** फ़ोटो, ग्राफ़िक्स और चित्रण
- **वीडियो –** एम्बेडेड या लिंक किए गए वीडियो
- **ऑडियो –** संगीत, पॉडकास्ट या ध्वनि प्रभाव
- **हाइपरलिंक्स –** अन्य वेब पेजों या वेबसाइटों के लिंक
- **टेबल –** पंक्तियों और स्तंभों में डाटा व्यवस्थित करने के लिए
- **फ़ॉर्म –** उपयोगकर्ता इनपुट के लिए, जैसे पंजीकरण या फीडबैक
- **मल्टीमीडिया तत्व –** एनीमेशन, इंटरैक्टिव सामग्री और स्क्रिप्ट

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2025
Your Path to Success

# खण्ड - A

**1. इनमें से किस फंक्शन का प्रयोग ऐक्सेल के एक रेंज के नंबरों को ऐड करने के लिए होता है ?**

**(A) ADD()**

**(B) TOTAL()**

**(C) SUM()**

**(D) PLUS()**

**उत्तर -** (C) SUM()

**2. वर्ड दस्तावेज में आप जस्टीफाई ऐलाइनमेंट का प्रयोग क्यों करते हैं ?**

**(A) टेक्स्ट को समान रुप से लेफ्ट और राइट मार्जिन के बीच ऐलाइन करने के लिए**

**(B) टेक्स्ट को सेंटर में रखने के लिए**

**(C) टेक्स्ट को राइट ऐलाइन करने के लिए**

**(D) पैराग्राफ की पहली लाइन इंडेंट करने के लिए**

**उत्तर -** (A) टेक्स्ट को समान रुप से लेफ्ट और राइट मार्जिन के बीच ऐलाइन करने के लिए

**3. ऐक्सेल में एक रेंज के भीतर सबसे अधिकतम वैल्यू निकालने के लिए इनमें से कौन सा फॉर्मूला उपयुक्त होगा?**

**(A) Largest (A1: A10)**

**(B) = MAX (A1:A10)**

**(C) = HIGHEST (A1: A10)**

**(D) = BIGGEST (A1: A10)**

**उत्तर -** (B) = MAX (A1:A10)

**4. एक दस्तावेज में 'बुलेट्स और नंबरिंग' प्रयोग करने के क्या फायदे हैं?**

**(A) अनावश्यक टेक्स्ट डिलीट करना।**

**(B) सूचना को व्यवस्थित रुप में प्रेजेंट करने और मुख्य बिंदुओं को पाठक के ध्यान में लाना।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) पैराग्राफ को टेबल में बदलना**

**(D) दस्तावेज में ऐनीमेशन एड करना**

**उत्तर -** (B) सूचना को व्यवस्थित रुप में प्रेजेंट करने और मुख्य बिंदुओं को पाठक के ध्यान में लाना।

**5. एम एस वर्ड में आप टेक्स्ट के साथ बॉर्डर कैसे ऐप्लाई करते हैं?**

**(A) पेज लेआउट -> बॉर्डर एंड शेडिंग**

**(B) इन्सर्ट -> बॉर्डर एंड शेडिंग**

**(C) होम -> पैराग्राफ -> बॉर्डर एंड शेडिंग**

**(D) व्यू -> बॉर्डर एंड शेडिंग**

**उत्तर -** (C) होम -> पैराग्राफ -> बॉर्डर एंड शेडिंग

**6. इस चार्ट का प्रयोग स्प्रेडशीट में केटेगरीज पर स्थित सभी वैल्यूज की तुलना करने के लिए किया जाता है।**

**(A) पाई चार्ट**

**(B) लाइन चार्ट**

**(C) बार चार्ट**

**(D) स्कैटर चार्ट**

**उत्तर -** (C) बार चार्ट

**7. पॉवर पॉइंट में अलग अलग व्यूज होते हैं जो आपको स्लाइड्स बनाने और उन्हें प्रेजेन्ट करने में मदद करते हैं। निम्न में से गलत व्यू को पहचानिए।**

**(A) नॉर्मल व्यू**

**(B) स्लाइड सॉर्टर व्यू**

**(C) ग्रिड व्यू**

**(D) स्लाइड शो व्यू**

**उत्तर -** (C) ग्रिड व्यू

**8. नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रुप में चिह्नित किया गया है। सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(i) अभिकथन (A): एम एस वर्ड में पेज ब्रेक का प्रयोग कंटेंट को अगले पेज में भेजने के लिए होता है।**

**कारण (R): एम एस वर्ड में एक नया पेज शुरु करने का सबसे अच्छा तरीका है "Enter" की को कई बार दबाएँ।**

**(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सटीक वर्णन है।**

**(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) का सटीक वर्णन नहीं है।**

**(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।**

**(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है।**

**(E) (A) और (R) दोनों ही गलत**

**उत्तर -** (C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।

**(ii) अभिकथन (A): जिप/अन ज़िप, ये दोनों एंटी वायरस सॉफ्टवेयर यूटिलिटी प्रोग्राम के अंतर्गत आते हैं।**

**कारण (R): यूटिलिटी प्रोग्राम्स ऑपरेटिंग सिस्टम और यूजर की जरुरतों के बीच सेतु का कार्य करते हैं।**

**(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सटीक वर्णन है।**

**(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) का सटीक वर्णन नहीं है।**

**(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।**

**(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है।**

**(E) (A) और (R) दोनों ही गलत**

**उत्तर -** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सटीक वर्णन है।

**9. निम्नलिखित में से सही/गलत बताइए:**

**(a) इन्सर्ट टैब के अंतर्गत लाइन और पैराग्राफ स्पेसिंग विकल्प मिलता है।**

**उत्तर -** गलत

**(b) हैडर और फुटर में आप टेक्स्ट, पेज नंबर, तारीख और इमेज डाल सकते हैं।**

**उत्तर -** सही

**10. (a) एम एस वर्ड में डीफॉल्ट पेज ओरिएंटेशन _____ है।**

**उत्तर -** पोर्ट्रेट

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) दस्तावेज में हैडर को जोड़ने के लिए _____ टैब का प्रयोग होता है।**

**उत्तर -** इन्सर्ट

**11. _____ में प्रत्येक पैराग्राफ का फॉर्मेट स्टोर होता है और यदि इसे डिलिट कर दिया जाए तो इस पैराग्राफ का टेक्स्ट अगले पैराग्राफ का हिस्सा बन जाता है।**

**उत्तर -** पैराग्राफ मार्क्स (Paragraph Marks)

**12. _____ चार्ट/ग्राफ में प्लॉट की गई डाटा सीरीज की वैल्यूज के द्वारा दिखाई जाती है।**

**उत्तर -** डेटा लेबल्स

**13. एम एस वर्ड में टेक्स्ट का डीफॉल्ट एलाइनमेंट _____ होता है।**

**उत्तर -** बाएँ-संरेखित (Left-aligned)

**14. जब टेक्स्ट को आवश्यकता पड़ने पर एक दस्तावेज में पेस्ट किया जाता है तब हम _____ शॉर्टकट की का प्रयोग करते हैं।**

**उत्तर -** Ctrl + V

**15. पेज ओरिएंटेशन बदलने के लिए _____ टैब का प्रयोग करें एवं ओरिएंटेशन सिलेक्ट करें।**

**उत्तर -** पेज लेआउट (Page Layout)

**16. सैल वैल्यूज जोड़ने के लिए फॉर्मूला का प्रयोग करने के बदले किस फीचर का प्रयोग भी किया जा सकता है जिससे स्पैड शीट सैल्स के नंबर ऑटोमैटिक रुप से ऐड हो सकें।**

**उत्तर -** ऑटोसम (AutoSum)

**17. सीपीयू का वह भाग जिसमें गणितीय गणनाएँ होती हैं, _____ कहलाता है।**

**उत्तर -** अंकगणितीय एवं तार्किक इकाई (Arithmetic Logic Unit – ALU)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खण्ड - B

**18. इन्हें पहचानिए:**

**(a) एक इलेक्ट्रो मैकेनिकल हैंड हेल्ड डिवाइस जिसे पॉइंट, क्लिक, ड्रैग, ड्रॉप ऐक्शन के लिए प्रयोग किया जाता है।**

**(b) यह प्रिंटेड इमेजों को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में ट्रांसलेट करता है जिसे कम्प्यूटर की मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है और फिर बाद में एडिट किया जाता है।**

**(c) इसे बैंकों द्वारा प्रयोग किया जाता है जिसमें टाइप या प्रिंटेड पेज पर स्थित इमेज को स्कैन करके टेक्स्ट में कन्वर्ट किया जाता है जिसे कम्प्यूटर पर एडिट किया जा सकता है।**

**(d) यह हाईक्वालिटी प्रिंट देता है, यह बहुत तेज गति से काम करता है और शांत भाव से प्रिंट करता है और इसमें प्रति मिनट 200 पेज प्रिंट हो सकते हैं।**

**उत्तर -**

**(a)** माउस (Mouse)

**(b)** ऑप्टिकल स्कैनर (Optical Scanner)

**(c)** ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)

**(d)** लेज़र प्रिंटर (Laser Printer)

**19. दो प्रकार के ऐप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का एक-एक उदाहरण के साथ वर्णन करें।**

**उत्तर - एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के दो प्रकार हैं –**

1. **सामान्य प्रयोजन पैकेज (Generalized Packages) –** ऐसे सॉफ्टवेयर जो सामान्य कार्यों के लिए बनाए जाते हैं। उदाहरण: MS-Word (वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर)

2. **अनुकूलित पैकेज (Customized Packages) –** ऐसे सॉफ्टवेयर जो किसी विशेष संस्था या कार्य की आवश्यकता के अनुसार बनाए जाते हैं। उदाहरण: पेरोल पैकेज, छात्र सूचना प्रणाली (Student Information System)

**20. एम एस वर्ड में मेल मर्ज में शामिल दस्तावेजों की भूमिका का वर्णन करें।**

**उत्तर - एम एस वर्ड में मेल मर्ज में शामिल दस्तावेजों की भूमिका :**

1. **मुख्य दस्तावेज़ (Main Document) –** इसमें पत्र का सामान्य संदेश लिखा होता है, जो सभी लोगों के लिए एक जैसा रहता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **डेटा स्रोत (Data Source) –** इसमें लोगों की जानकारी जैसे नाम, पता आदि संग्रहीत होते हैं।

3. **मर्ज दस्तावेज़ (Merge Document) –** मुख्य दस्तावेज़ और डेटा स्रोत को मिलाकर जो अंतिम पत्र तैयार होता है, उसे मर्ज दस्तावेज़ कहते हैं।

**21. सिस्टम सॉफ्टवेयर और उसके प्रकारों का वर्णन करें।**

**उत्तर -** सिस्टम सॉफ्टवेयर वह आधारभूत सॉफ्टवेयर है जो कंप्यूटर हार्डवेयर और उपयोगकर्ता के बीच इंटरफेस का कार्य करता है। यह हार्डवेयर संसाधनों का प्रबंधन करता है और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को चलाने के लिए आवश्यक प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है। इसके बिना कंप्यूटर कार्य नहीं कर सकता।

**सिस्टम सॉफ्टवेयर के मुख्य प्रकार हैं –**

1. **ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System - OS) :** हार्डवेयर को नियंत्रित करता है और एप्लिकेशन चलाता है। **उदाहरण: Windows, Android**

2. **डिवाइस ड्राइवर (Device Drivers) :** ऑपरेटिंग सिस्टम को विशेष हार्डवेयर जैसे प्रिंटर आदि से संचार करने में सहायता करते हैं।

3. **यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (Utility Software) :** सिस्टम के रखरखाव के लिए उपयोग किए जाते हैं। उदाहरण: Antivirus, Disk Cleanup

4. **भाषा अनुवादक (Language Translators) :** मानव द्वारा लिखे गए प्रोग्राम को मशीन भाषा में बदलते हैं।

**अथवा**

**लो लेवल भाषाएँ क्या होती हैं? इसके प्रकारों का वर्णन करें।**

**उत्तर -** निम्न स्तरीय भाषाएँ वे प्रोग्रामिंग भाषाएँ हैं जो कंप्यूटर हार्डवेयर के बहुत निकट होती हैं। ये CPU और मेमोरी पर प्रत्यक्ष नियंत्रण प्रदान करती हैं, इसलिए अत्यंत तेज़ और कुशल होती हैं। लेकिन इन्हें पढ़ना, लिखना और त्रुटियों को सुधारना कठिन होता है।

**इसके दो मुख्य प्रकार हैं –**

1. **मशीन भाषा (Machine Language) :** यह कंप्यूटर द्वारा सीधे समझी जाने वाली भाषा है, जो केवल 0 और 1 के रूप में लिखी जाती है।

2. **असेंबली भाषा (Assembly Language) :** इसमें बाइनरी के स्थान पर संक्षिप्त संकेत (Mnemonics) जैसे ADD, MOV आदि का उपयोग किया जाता है, जिससे प्रोग्राम लिखना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**22. इंटरनेट में निम्न की भूमिका का वर्णन करें:**

**(a) आई एस पी,**

**(b) यू आर एल,**

**(c) आई एस डी एन।**

**उत्तर -**

**(a) ISP :** ISP (Internet Service Provider) वह कंपनी होती है जो इंटरनेट सेवा प्रदान करती है। जैसे – Jio, Airtel, BSNL आदि। ISP के बिना कोई भी उपकरण इंटरनेट से नहीं जुड़ सकता।

**(b) URL :** URL (Uniform Resource Locator) किसी वेबसाइट या वेब पेज का विशिष्ट पता होता है, जैसे – https://www.google.com। यह ब्राउज़र को बताता है कि इंटरनेट पर किसी संसाधन को कहाँ ढूँढना है।

**(c) ISDN :** ISDN (Integrated Services Digital Network) एक डिजिटल संचार तकनीक है जो पारंपरिक टेलीफोन लाइनों पर डेटा, आवाज़ और वीडियो को एक साथ भेजने की सुविधा प्रदान करती है। पहले इसका उपयोग तेज़ और विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन के लिए किया जाता था, लेकिन अब इसे ब्रॉडबैंड और फाइबर तकनीकों ने काफी हद तक प्रतिस्थापित कर दिया है।

**23. ABC स्कूल में वार्षिक दिवस मनाया जा रहा है और यहाँ अभिभावकों को निमंत्रण पत्र भेजे जाने हैं। स्कूल में अभिभावकों के नाम और ऐड्रेस की लिस्ट ऐक्सेल फाइल में सेव है। प्रत्येक लैटर को अलग अलग टाइप करने के बजाए वे इसे एम एस वर्ड द्वारा मेल मर्ज से भेजना चाहते हैं। ऐसा करने के स्टेप्स लिखें।**

**उत्तर -** Excel फ़ाइल को Word दस्तावेज़ के साथ Mail Merge करने के लिए निम्नलिखित चरण अपनाए जाते हैं –

1. **मुख्य दस्तावेज़ खोलें :** Word दस्तावेज़ खोलें और Mailings टैब पर जाएँ।
2. **Mail Merge प्रारंभ करें :** Start Mail Merge पर क्लिक करें और Letters विकल्प चुनें।
3. **प्राप्तकर्ता चुनें :** Select Recipients पर क्लिक करें, Use an Existing List चुनें और अभिभावकों की जानकारी वाली Excel फ़ाइल का चयन करें।
4. **Merge Fields सम्मिलित करें :** पत्र में जहाँ नाम और पता दिखाना है वहाँ Insert Merge Field का उपयोग करके फ़ील्ड जोड़ें।
5. **पूर्वावलोकन और मर्ज करें :** Preview Results पर क्लिक करके जानकारी की जाँच करें। इसके बाद Finish & Merge पर क्लिक करके पत्रों को प्रिंट करें या अलग-अलग दस्तावेज़ के रूप में संपादित करें।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**24. (a) वेब सर्वर और वेब ब्राउजर के बीच अंतर बताएँ और प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दें।**

**उत्तर - वेब सर्वर और वेब ब्राउजर के बीच अंतर :**

| वेब सर्वर | वेब ब्राउज़र |
|---|---|
| यह एक शक्तिशाली कंप्यूटर या प्रोग्राम होता है जो वेबसाइट की फ़ाइलों को संग्रहीत करता है और उन्हें इंटरनेट पर उपलब्ध कराता है। | यह एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है जिसका उपयोग इंटरनेट पर वेब पेज देखने और खोलने के लिए किया जाता है। |
| यह उपयोगकर्ताओं के अनुरोध (Request) को स्वीकार करता है और उन्हें आवश्यक वेब पेज प्रदान करता है। | यह उपयोगकर्ता के अनुरोध को सर्वर तक भेजता है और सर्वर द्वारा भेजे गए वेब पेज को प्रदर्शित करता है। |
| यह किसी दूरस्थ (Remote) और शक्तिशाली कंप्यूटर पर स्थित होता है। | यह उपयोगकर्ता के कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस में स्थापित होता है। |
| **उदाहरण:** Apache Web Server | **उदाहरण:** Internet Explorer, Google Chrome |

**(b) ईमेल कम्पोज करते समय "cc" और "bcc" की भूमिका का वर्णन करें।**

**उत्तर - ई-मेल लिखते समय "CC" और "BCC" की भूमिका :**

**CC (Carbon Copy) की भूमिका :**

- CC का उपयोग ई-मेल की एक प्रति (Copy) उन लोगों को भेजने के लिए किया जाता है जिन्हें संदेश की जानकारी देना आवश्यक हो, भले ही वे मुख्य प्राप्तकर्ता (Recipient) न हों।
- CC का उपयोग करने पर To और CC में शामिल सभी लोग एक-दूसरे के ई-मेल पते देख सकते हैं।

**BCC (Blind Carbon Copy) की भूमिका :**

- BCC का उपयोग ई-मेल की प्रति अन्य लोगों को गुप्त रूप से भेजने के लिए किया जाता है।
- BCC में शामिल लोगों के ई-मेल पते अन्य प्राप्तकर्ताओं को दिखाई नहीं देते।
- इससे प्राप्तकर्ताओं की गोपनीयता (Privacy) बनी रहती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/